भारत की पहली बुलेट क्रशर मशीन मध्य प्रदेश शूटिंग अकादमी में स्थापित

चर्चा में क्यों?

हाल ही में मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में भारत की पहली बुलेट क्रशर मशीन की स्थापना की गई। इस मशीन में इस्तेमाल किये गए कारतूस के शेल को नष्ट किया जाता है।

प्रमुख बिंदु

- इस मशीन के उपयोग से इस्तेमाल किये गए बुलेट को दोबारा उपयोग में नहीं लाया जा सकेगा। इस व्यवस्था से कारतूस का दुरुपयोग नहीं होगा।
- गौरतलब है कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में शूटिंग की शॉटगन, पिस्टल और रायफल विधाओं में लगभग 100 से अधिक खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक मनशेर सिंह, जसपाल राणा तथा सुमा शिरूर से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।
- इसके अतिरिक्त खिलाड़ियों के लिये न्यूट्रीशियन, सायकोलॉजिस्ट, स्पोर्ट्स साइंस डॉक्टर, स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग प्रशिक्षक भी उपलब्ध हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में 50 मीटर फाइनल शूटिंग रेंज का कार्य प्रगति पर है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिये पृथक् से फाइनल शूटिंग रेंज की आवश्यकता होती है। इसके पूर्ण होने पर एशिया कप और अन्य अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा सकेंगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-first-bullet-crusher-machine-installed-at-madhya-pradesh-shooting-academy